Code No. 59/2/3
कोड नं.

- Please check that this question paper contains 4 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 25 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 25 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

POLITICAL SCIENCE
राजनीति विज्ञान

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 100*
निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

General Instructions :

(i) ***All*** *questions are compulsory.*

(ii) *Marks for each question are indicated against it.*

(iii) *Question numbers **1** to **10** are of **two** marks each. The answers to these questions should not exceed **50** words each.*

(iv) *Question numbers **11** to **20** are of **four** marks each. The answers to these questions should not exceed **100** words each.*

(v) *Question numbers **21** to **25** are of **eight** marks each. The answer to these questions should not exceed **200** words each.*

सामान्य निर्देश :

(i) ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिये हैं।*

(iii) *प्रश्न संख्या **1** से **10** का प्रत्येक प्रश्न **दो** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(iv) *प्रश्न संख्या **11** से **20** का प्रत्येक प्रश्न **चार** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(v) *प्रश्न संख्या **21** से **25** का प्रत्येक प्रश्न **आठ** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

1. 'Liberty is absence of restraints.' Explain. 2

'स्वतन्त्रता से अभिप्राय है नियन्त्रण का अभाव।' व्याख्या कीजिए।

2. Differentiate between Comparative Government and Comparative Politics. 2

तुलनात्मक शासन व तुलनात्मक राजनीति में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

3. Differentiate between Marxism and Socialism. 2

मार्क्सवाद व समाजवाद में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

4. What do you understand by the Proportional System of Representation ? 2

आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली से आप क्या समझते हैं ?

5. Suggest any two electoral reforms to curb money power during the elections in India. 2

भारत में चुनावों के दौरान धन की शक्ति के दुरुपयोग को रोकने के लिए कोई दो चुनाव सुधार सुझाइए।

6. Differentiate between political parties and pressure groups. 2

राजनीतिक दलों व दबाव समूहों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

7. What is the role of media in the formulation of sound public opinion ? 2

स्वस्थ जनमत के निर्माण में मीडिया की भूमिका बताइए।

8. What is implied by regional imbalance ? 2

क्षेत्रीय असन्तुलन से क्या अभिप्राय है ?

9. What do you understand by Panchsheel ? 2

पंचशील से आप क्या समझते हैं ?

10. How many languages are officially recognised under the Constitution of India ? 2

भारतीय संविधान के अन्तर्गत कितनी भाषाओं को सरकारी मान्यता प्राप्त है ?

11. Explain the importance of *dharma* in Indian social, political and civil life. 4

भारतीय सामाजिक, राजनीतिक व नागरिक जीवन में धर्म का महत्त्व बताइए।

12. What do you understand by a welfare state ? How far is it correct to call India a welfare state ? 2+2

कल्याणकारी राज्य से क्या अभिप्राय है ? भारत को एक कल्याणकारी राज्य की संज्ञा देना कहाँ तक उचित है ?

13. "Rights imply duties." In the light of this statement discuss the relationship between rights and duties. 4

''अधिकारों में कर्त्तव्य सन्निहित हैं।'' इस कथन के संदर्भ में अधिकारों और कर्त्तव्यों में परस्पर सम्बन्ध बताइए।

14. What are the four main functions of the Election Commission of India ? 4

भारतीय निर्वाचन आयोग के चार प्रमुख कार्य बताइए।

15. What is the relevance of Gandhism today ? 4

आज के युग में गांधीवाद की क्या प्रासंगिकता है ?

16. Are you in support of one-third of seats for women at the Panchayat level ? Give arguments. 4

क्या आप पंचायत स्तर पर महिलाओं के लिए एक-तिहाई पदों पर आरक्षण के पक्ष में हैं ? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

17. Describe the prevailing socio-economic inequalities in India. How can these be minimised ? 2+2

भारत में विद्यमान सामाजिक-आर्थिक असमानताओं की व्याख्या कीजिए। इनको किस प्रकार कम किया जा सकता है ?

18. What is the significance of planning in the era of market economy ? 4

बाज़ार (मार्केट) अर्थव्यवस्था के इस दौर में नियोजन का क्या महत्त्व है ?

19. What are the causes of poor literacy among women in India ? How can we overcome them ? 4

भारत में महिलाओं में साक्षरता में कमी के क्या कारण हैं ? इन पर कैसे काबू पाया जा सकता है ?

20. Write a brief note on India's relations with Bangladesh. 4

बांग्लादेश के साथ भारत के सम्बन्धों पर एक संक्षिप्त नोट लिखिए।

21. 'Liberalism implies individualism plus democracy.' Comment. 8

OR

Write a critical note on the main tenets of Marxism.

'उदारवाद से तात्पर्य है व्यक्तिवाद तथा लोकतन्त्र।' इस कथन पर टिप्पणी कीजिए।

अथवा

मार्क्सवाद के आधारभूत सिद्धान्तों पर एक आलोचनात्मक नोट लिखिए।

22. What do you understand by System Analysis ? What is the contribution of System Analysis to Comparative Politics ? 4+4

OR

What are the main characteristics of traditional approaches to the study of Comparative Politics ? What is the significance of the philosophical approach ?

प्रणाली विश्लेषण से क्या अभिप्राय है ? तुलनात्मक राजनीति को प्रणाली विश्लेषण का क्या योगदान है ?

अथवा

तुलनात्मक राजनीति के अध्ययन में परम्परागत पद्धतियों की मुख्य विशेषताएँ बताइए। दार्शनिक पद्धति का क्या महत्त्व है ?

23. 'Define law. What are the two main attributes of a good law ? What is the relationship between law and liberty ? 2+2+4

OR

Explain the concept of equality. How far is it correct to say that equality means treating 'equal as equal' and 'unequal as unequal' ? 4+4

कानून की परिभाषा दीजिए। एक अच्छे कानून में किन दो मुख्य गुणों का होना जरूरी है ? कानून व स्वतन्त्रता में सम्बन्ध बताइए।

अथवा

समानता की अवधारणा की व्याख्या कीजिए। यह कहना कहाँ तक उचित होगा कि समानता से तात्पर्य है 'समान को समान' व 'असमान को असमान' समझना ?

24. Discuss India's role in the UNO. 8

OR

Discuss India's role in the NAM.

संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की भूमिका बताइए।

अथवा

गुटनिरपेक्ष आन्दोलन में भारत की भूमिका बताइए।

25. Evaluate the nature of party system in India. 8

OR

What are the reasons for the rise in the influence of regional parties in India ? Is it good or bad for the Indian democracy ? Give arguments in support of your answer. 4+4

भारत में दलीय प्रणाली के स्वरूप का मूल्यांकन कीजिए।

अथवा

भारत में क्षेत्रीय दलों के प्रभाव में वृद्धि के क्या कारण हैं ? क्या यह भारतीय लोकतंत्र के हित में है अथवा नहीं ? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिए।